दिनांक : 03.05.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रधानमंत्री–राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

पांच से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2025 के लिए नामांकन अब इस वर्ष 31 जुलाई तक कराये जा सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति, और विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। सभी नामांकन आधिकारिक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जाने चाहिए।

वैष्णव – मीडिया और मनोरंजन

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियों ने इस संबंध में भारत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। गूगल, मेटा और मॉइक्रोसोफट सहित सात वैश्विक फर्मों ने आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईआईसीटी की स्थापना 400 करोड रुपये की फंडिंग के साथ मुंबई में की जाएगी। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में आईआईसीटी आईआईटी और आईआईएम के समान मान्यता प्राप्त करेगा।

कृषक समागम

मंदसौर में आज कषक कल्याण को समर्पित कषि उदयोग समागम–2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस एक दिवसीय समागम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कषि पर आधारित विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। यह कार्यक्रम कषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी उन्नयन पर केंद्रित है। समागम स्थल पर देश के कषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में आधुनिक यंत्रों, उपकरणों का उत्पादन करने वाली इकाइयों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में अब तक 21 लाख नागरिकों की सहभागिता सामने आई है। इसके अलावा, खेत–तालाब के माध्यम से एक लाख हेक्टेयर सिंचाई सुविधा का सृजन करने में सफलता मिली है। जल गंगा संवर्धन अभियान में कूप रीचार्ज कार्य में बैतूल जिला प्रदेश में प्रथम है। खंडवा द्वितीय और छिंदवाड़ा तृतीय स्थान पर है। अमृत सरोवर निर्माण में धार प्रथम है। सीधी द्वितीय स्थान और छिंदवाड़ा तृतीय स्थान पर है। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 अप्रैल की एक माह की अवधि में 7 हजार 339 पुराने जल संरक्षण कार्य पूर्ण किए गए हैं।

कृषि पम्प कनेक्शन

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्य क्षेत्र में ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को अब मात्र पांच रुपये में स्थायी कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। अब तक इस योजना का लाभ 16 हजार 545 ग्रामीण कृषकों को मिल चुका है। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि 4 हजार ग्रामीण उपभोक्ताओं ने भी मात्र 5 रुपये में घरेलू नवीन विद्युत कनेक्शन लिया है।

सिंहासा आईटी पार्क

सिंहासा आईटी पार्क, इंदौर में जल्द ही इन्क्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर बनेगा। जीआईएस–2025 में मध्यप्रदेश सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत दृष्टि सीपीएस और एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएसईडीसी) के बीच हुए एमओयू से इसका मार्ग प्रशस्त हुआ है।

आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी ने बताया है कि इंदौर में "सिंहासा आईटी पार्क 10 हजार वर्ग फीट में फैला होगा। यह केंद्र नवाचार, सहयोग और विकास के केंद्र के रूप में काम करेगा। आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन इन्क्यूबेशन सेंटर एंड प्रोटो टाइपिंग लैब की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सुविधा प्रदान करेगा, जिससे स्टार्ट–अप के लिए पेशेवर और कार्यात्मक परिवेश सुनिश्चित होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- राजस्व के लम्बित प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण किये जाने हेतु झाबुआ जिले की कलेक्टर नेहा मीना ने निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में राजस्व से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक राजस्व न्यायालय क्षेत्र के अंतर्गत कल 11 ग्राम पचायतों में विशेष राजस्व समाधान शिविर का आयोजन किया गया

- शिवपुरी जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा संगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। लाड़ली लक्ष्मी क्लब एवं एक पेड़ लाडली के नाम वन स्टॉप सेंटर में लगाया गया।

नमस्कार।